Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title: Need to set up an Entrepreneurship Development Cell in Indira Gandhi Engineering College, Sagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : मान्यवर, मेरा संसदीय क्षेत्र सागर मध्यप्रदेश एवं बुन्देलखंड क्षेत्र का सागर संभागऔद्योगिक एवं रोजगार के क्षेत्र में अत्यधिक पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में कोई भी बृहद उद्योग अथवा खनन, उन्नत कृाि आदि संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण मेरे क्षेत्र के युवक-युवतियों में उद्यमिता का अभाव है। साथ ही यहां पर कुशल कारीगरों का अभाव इस विशाल समस्या को और भी बड़ा देता है। मेरे क्षेत्र में युवक-युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान कर यदि लघु उद्योग स्थापित कराये तो उसमें एक उद्योग में कई व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हो सकता है जिससे क्षेत्र का बहुआयामी विकास होगा।

मेरे क्षेत्र के इंजीनियरिंग महाविद्यालय से तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियों को उचित रोजगार नहीं मिल पाता है। उद्यमिता विकास प्रकोठ की स्थापना से युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए क्षेत्र के विकास में सहभागी रहकर आने वाली जनरेशन हेतु आदर्श की स्थापना कर सकेंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की राट्रीय उद्यमिता विकास बोर्ड की योजना के अंतर्गत तकनीकी संस्था सागर मध्यप्रदेश के इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रकोठ की स्थापना कर वाने का सहयोग करें जिसके अंतर्गत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण तथा विज्ञान एवं तकनीकी विधियों के द्वारा तकनीकी कुशलता को उन्नत कर स्थापित किया जा सके।